शनिवार
17 दिसम्बर 2022



पृष्ठ 4
पानी पीकर आप कम कर सकते हैं डायबीटीज



पृष्ठ 5
गोलमाल 5 में होगी रणवीर सिंह की एंट्री




● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 303
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है।
– सावरकर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## बिलावल के बयान पर देश भर में आक्रोश

# पाकिस्तान भारत से माफी मांगे



विशेष संवाददाता

देहरादून। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक के बाहर एक कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अति आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूरे देश में भारी जनाआक्रोश है। उत्तराखंड की राजधानी सहित पूरे प्रदेश और देश में आज इस बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तमाम शहरों में जन आक्रोश रैलीयां निकाली गई और पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पुतले फूंके गए।

राजधानी दून में आज हजारों की संख्या में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता बिलावल भुट्टो

### राजधानी सहित पूरे राज्य में प्रदर्शन, पुतले फुंके

मुर्दाबाद-पाकिस्तान मुर्दाबाद लिखी तख्तियां और पोस्टर बैनर लेकर राजधानी की सड़कों पर उतरे और पाक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा बिलावल भुट्टो का घंटाघर पर पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में सैकड़ों

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

### यह देश के 135 करोड़ लोगों का अपमानः धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पाक के विदेश मंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि वह ऐसे लोगों का नाम भी लेना पसंद नहीं करते जो वंशवाद के पोषक रहे हो। उन्होंने कहा कि बात चाहे जुल्फिकार अली भुट्टो की हो या बेनजीर भुट्टो और बिलावल भुट्टो की सभी की सोच संकीर्ण रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनका पूरा विश्व सम्मान करता है वह बिलावल के कहने से आतंकवादी नहीं हो जाएंगे उन्होंने विदेश मंत्री के बयान को उनका मानसिक दिवालियापन बताते हुए कहा कि उन्होंने 135 करोड़ भारतीय लोगों का अपमान किया जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी बर्बादी की खीझ से परेशान है।

# काम न करने के लिए सिर्फ अधिकारी जिम्मेदार नहींः त्रिवेंद्र

विशेष संवाददाता

देहरादून। सूबे के अधिकारी किसी की नहीं सुनते, सूबे के अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं या सूबे के अधिकारी काम नहीं करते। इस तरह के जुमले और शिकायतें आए दिन सुनने को मिलती है। इसके साथ ही मंत्रियों और विधायकों के बीच आए दिन तकरार की खबरें भी आती रहती हैं। यही नहीं जब मौका मिलता है तो मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव भी इन अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और काम करने के तरीकों पर नसीहतें करते देखे जाते हैं। बीते कल भी जब आईएएस वीक का शुभारंभ हुआ तो सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि फाइलों को लटकाए रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी इस पर आज पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जो जैसा है वैसा ही रहेगा। सवाल यह है कि हम अधिकारियों से कैसे काम ले पाते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का कहना है कि यह समस्या कोई नई समस्या नहीं है। मैंने मंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए अधिकारियों के साथ काम किया और सब कुछ देखा है। उनका

### ❑हमें भी अधिकारियों से काम लेना आना चाहिए

कहना है कि जो भी अधिकारी हमें मिले हैं हमें उनसे ही काम लेना होता है। यह हमारे ऊपर भी निर्भर करता है कि हम उनसे कैसे बेहतर काम ले सकते हैं। इस समस्या के लिए सिर्फ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा कर हम अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते हैं। हमें जो भी और जैसे भी अधिकारी मिले हमने उनसे ही काम कराया।

उल्लेखनीय है कि अभी मसूरी में शासन और प्रशासन ने तीन-चार दिन चले मंथन शिविर में सूबे की बेहतर प्रगति के लिए कार्यप्रणाली में सुधार पर चिंतन मंथन किया गया था। मुख्यमंत्री धामी और मुख्य सचिव ने यहां भी नौकरशाहों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के अनेक तरीके बताए थे तथा उन्हें हिदायत भी दी थी कि जो काम नहीं कर सकते वह वीआरएस लेकर घर बैठे लेकिन सवाल यह है कि इस कवायद के नतीजे क्या है? अगर सब कुछ वैसे ही चलना है जैसे 20 सालों से चलता आ रहा है।

## कार की नील गाय से हुई भीषण टक्कर, तीन लोगों की मौत

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में हाईवे एक बार फिर खून से लथपथ हो गया है। दरअसल, एक्सयूवी कार नील गाय के चपेट में आ गई जिससे कार अनियंत्रित हो गई और बुरी तरीके से पलट गई। कार में कुल 7 लोग सवार थे जो गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए निकले थे, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही गाड़ी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुधौरा पहुंची, तो भीषण एक्सीडेंट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए। जानकारी में पता चला कि कार में सवार सभी यात्री पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों से ताल्लुक रखते हैं और वह सभी एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। घटना इतनी भीषण थी कि एक्सयूवी कार के परखच्चे उड़ गए। एसयूवी के पीछे चल रही ट्रैवलर में भी कुछ लोग मौजूद थे जो मृतकों के साथी बताए जा रहे है और ये सभी एक ही कंपनी में कार्यरत थे और स्वाही लखनऊ में आयोजित कंपनी की मीटिंग में जा रहे थे, लेकिन बस्ती जिले में एक सड़क हादसे ने तीन परिवार को बिखेर कर रख दिया। इस घटना से एक बात तो साफ हो गई है कि हाईवे पर दुर्घटनाओं का ग्राफ और मौत का ग्राफ लगातार बढ़ता चला जा रहा है। जिसका कारण आवारा पशु जो हाईवे पर लगातार चहल कदमी करते रहते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में राजनेताओं, सेवानिवृत्त जजों समेत 177 अधिकारियों की सुरक्षा वापस ली गई

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजनेताओं, सेवानिवृत अधिकारियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों सहित अन्य 177 प्रमुख हस्तियों की अतिरिक्त सुरक्षा वापस ले ली गई है। यह आदेश 20 राजनेताओं की अतिरिक्त सुरक्षा वापस लेने और एसएसपी और एसपी के रैंक के कई पुलिस अधिकारियों के पीएसओ को वापस लेने के कुछ दिनों बाद आया है। शीर्ष सेवानिवृत्त अधिकारियों में जिनकी सुरक्षा कम की गई है, उनमें पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. शेष पाल वैद और पूर्व अतिरिक्त डीजीपी मुनीर अहमद खान शामिल हैं, जिनके दो और तीन पीएसओ वापस ले लिए गए हैं।

अतिरिक्त सुरक्षा कवच खो चुके सेवारत और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों में मसूद समून (पूर्व पीएससी सदस्य), अतहर अमीर शफी, आयुक्त एसएमसी, फजलुल हसीब, एसडीएम धर्मारी, सिमरनदीप सिंह, केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर, राहुल यादव, आयुक्त, जम्मू नगरपालिका शामिल हैं। निगम, गुलाम नबी नाइक (सेवानिवृत्त आईएएस के साथ-साथ पूर्व विधायक एनसी) और खुर्शीद अहमद शाह, सेवानिवृत्त आयुक्त/सचिव लोक निर्माण (आर एंड बी) विभाग एसपी पूर्वी श्रीनगर के पद पर कार्यरत आईपीएस अधिकारी साहिल संगराल के तीन पीएसओ को वापस ले लिया गया है।

नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस, पीडीपी, भाजपा, डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी, पीपुल्स कांफ्रेंस के कई नेताओं ने भी अतिरिक्त सुरक्षा कवर खो दिया है। उनमें गुलाम अहमद मीर, पूर्व पीसीसी (आई) प्रमुख, नासिर असलम वानी उर्फ सोगामी, पूर्व गृह राज्य मंत्री, कफील-उर-रहमान, नजीर गुरेजी, जावेद राणा, नेशनल कांग्रेस के सभी पूर्व विधायक, डॉ. सज्जाद शफी, शफकत वटाली शामिल हैं। हिलाल अकबर लोन, सभी नेकां, ताज मोहि-उद-दीन, पूर्व मंत्री (अब डीएपी में), मोहम्मद इकबाल मीर, फैयाज अहमद मीर, दोनों कांग्रेस और मोहम्मद अमीन भट, पूर्व विधायक (डीएपी) हैंतीन भाजपा नेताओं के अतिरिक्त सुरक्षा कवर को वापस ले लिया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बैक डोर भर्तियों पर विवाद अभी भी

विधानसभा और सचिवालय में 2016 के बाद हुई 228 नियुक्तियों को रद्द किए जाने का प्रकरण अब देश की सर्वोच्च अदालत की दहलीज तक पहुंच कर समाप्त हो चुका है लेकिन इस इंसान को अभी भी आधा अधूरा इंसाफ ही माना जा रहा है विपक्ष कांग्रेस द्वारा अब सवाल उठाया जा रहा है कि 2016 से पूर्व की नियुक्तियों पर सरकार और विधानसभा अध्यक्ष खामोश क्यों हैं, कल पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी इस पर सवाल उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष से पूछा है कि जब 2016 से पूर्व में हुई नियुक्तियां भी अवैध है तो उन पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने तो पत्रकार वार्ता कर स्पीकर ऋतु खंडूरी पर यह भी आरोप लगाया है कि वह अपनों का बचाव कर रही हैं। उनका कहना है कि जब विधानसभा में की गई सभी नियुक्तियां गैर कानूनी और अवैध तरीके से हुई है तो उनको नियमित किया जाना कैसे वैध माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों पर कार्यवाही करने से बचने के लिए भाजपा विधिक राय लेने का सहारा ले रही है सवाल यह भी है कि यह विधिक राय कब तक ली जाएगी। भले ही यह सब सही कि राज्य गठन के बाद सिर्फ विधानसभा और सचिवालय में ही नहीं बल्कि यूकेएसएसएससी तक से जो भी भर्तियां की गई हैं उन सभी भर्तियां में व्यापक स्तर पर धांधली और घपले हुए हैं तथा इन नियुक्तियों को किसी भी स्थिति में वैध नहीं ठहराया जा सकता है लेकिन इस 20 साल के इतिहास के पन्नों को भी फाड़ कर रद्दी की टोकरी में नहीं फेंका जा सकता है। सरकार अब इन भर्तियां में हुए घपले घोटालों में हुए खुलासे के बाद यह भी तय नहीं कर पा रही है कि कौन सी भर्ती को सही माने और कौन सी भर्ती को गलत और किसे रद्द करें या उस पर रोक लगाएं और किसे यथावत बनाए रखें। इस पूरे भर्ती प्रकरण ने न सिर्फ प्रदेश के उन युवाओं को हैरत में डाल दिया है जो बीते समय में सरकारी नौकरी पाने के प्रयासों में लगे रहे हैं बल्कि उन्हें भी चौंका दिया है जो अभी भी सरकारी नौकरी का सपना संजोए बैठे हैं। जहां तक बात सूबे की सरकारों और सूबे के नेताओं की है तो इस पूरे प्रकरण ने उनकी छवि को तार-तार कर दिया है। भले ही इसे लेकर कांग्रेस आज भाजपा की घेराबंदी कर रही हो लेकिन उसके अपने कार्यकाल में वही होता रहा है जो भाजपा के कार्यकाल में हुआ है। इस सब के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बराबर की जिम्मेदार हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में स्पीकर रहे गोविंद सिंह कुंजवाल जिन्होंने अपने बेटे और बेटे की बहू को भी अवैध रूप से नौकरी देने का काम किया उन्हें भले ही इस अपराध के लिए कोई सजा न मिले लेकिन इस सूबे के युवा और आम लोग उन्हे कभी क्षमा करने वाले नहीं हैं। पूर्व स्पीकर प्रेमचंद्र अग्रवाल भले ही काबीना मंत्री बनकर यह समझ रहे हो कि उन्होंने कोई गलती नहीं की लेकिन इस पूरे प्रकरण में भाजपा और उनकी छवि को कितना नुकसान हुआ है इसका वह अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। 2016 से पूर्व की नियुक्तियों पर चुप्पी साध कर भले ही भाजपा सरकार और स्पीकर इस प्रकरण पर विराम लगाना चाहते हो लेकिन अगर इसके खिलाफ अभी भी किसी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो इन नियमित हो चुकी भर्तियों को भी रद्द किया जा सकता है।

# स्व. अटल बिहारी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा

देहरादून (सं)। भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी उत्तराखण्ड के संरक्षक जोगिन्दर पुंडीर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिवस सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। आज यहां पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को एक सेवा सप्ताह के रूप में मानते है। सेवा सप्ताह के कार्यक्रम को निर्धारित करने के लिए भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी उत्तराखंड की एक मीटिंग जोगिंदर पुंडीर के निवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला मोर्चा डॉ रमा गोयल एवम् संस्था के संरक्षक जोगिंदर पुंडीर की अध्यक्षता में हुई। जिसमे पर्यावरण संरक्षण, अनाथ बच्चों की जरूरत का सामान बाल विनीता आश्रम, बुजुर्गो को गर्म स्वेटर प्रेम सुख धाम में, दिव्यांग बच्चो के लिए चसायेर होम, गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग, गौ सेवा, अटल काव्यांजलि एवम् सम्मान समारोह आदि सेवा कार्य करने की योजना बनाई गई।

*सं नः शिशीहि भुरिजोरिव क्षुरं रास्व रायो विमोचन।*
*त्वे तन्नः सुवेदमुस्रियं वसु यं त्वं हिनोषि मर्त्यम्॥*
(ऋग्वेद ८-४-१६)

हे परमेश्वर ! हमारी बुद्धि को छुरे की धार के समान तीक्ष्ण बनाएं। हमारा मस्तिष्क तीव्र ज्ञान ज्योति से और शरीर कांति से चमके। हमें वह जीवन का सत्य धन प्राप्त हो जिसके लिए आप मनुष्य को प्रेरित करते हैं।

O God ! Make our intelligence as sharp as the edge of a knife. May our mind shines with the light of intense knowledge and our body with radiance. May we get the true wealth of life for which you inspire a person.
(Rig Ved 8-4-16)

# मुख्यमंत्री ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच में होने वाली इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से विभागों में आपस में समन्वय बढ़ेगा। विभागीय कार्यों के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का हांसला बढ़ाया। यह बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसम्बर 2022 तक चलेगा। जिसमें प्रदेश की 25 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा शानदार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से कार्मिकों को साथ खेलने एवं एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है। विभिन्न विभागों के बीच में होने वाली इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से विभागों में आपस में समन्वय बढ़ेगा। विभागीय कार्यों के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है। खेल भावना अपने कार्यों के प्रति अनुशासन के लिए भी प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पास प्रकृति प्रदत्त सब कुछ है। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौन्दर्य सबको आकर्षित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग से हमें उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है। मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार खेलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीमती पुनीता नागलिया, उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ला, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महासचिव प्रमोद कुमार, उप निदेशक खेल धर्मेन्द्र भट्ट, जिला क्रीडा अधिकारी श्रीमती शबाली गुरुंग, जे.पी मैखुरी,सचिवालय बैडमिंटन संघ के अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कांग्रेस 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरु करेगी:धीरेंद्र

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि कांग्रेस 26 जनवरी से प्रदेश भर में हाथ से हाथ जोड अभियान शुरू करेगी।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड कांग्रेस अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आगामी नए वर्ष में 26 जनवरी 2023 से राज्य भर में हाथ से हाथ जोड़ अभियान शुरू करेगी। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि इस सिलसिले में 18 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के प्रदेश स्तर के तमाम वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक होगी जिसमे राज्य कांग्रेस के केंद्रीय प्रभारी देवेंद्र यादव संबोधित करेंगे। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि पिछले 100 दिनों में देशभर में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा अभियान की अपार सफलता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने इस अभियान की अगली कड़ी के रूप में 26 जनवरी से कांग्रेस महामंत्री श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में देशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाने का फैसला किया है। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी का देश के ग्रामीण अंचल के लोगों के नाम पत्र और प्रधानमंत्री के विरुद्ध कांग्रेस की चार्ज सीट जारी की जाएगी। और हर घर में भारत जोड़ो यात्रा का स्टीकर लगाया जाएगा इसके साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का वीडियो का भी प्रदर्शन गांव-गांव में किया जाएगा। पार्टी ने तय किया है तमाम गांव में पार्टी व्हाट्सएप ग्रुप बनाएगी जिससे कांग्रेसी आम जनता से संपर्क कर सके ऐसे प्रयास किए जाएंगे। धीरेंद्र प्रताप ने बताया इसके अलावा कांग्रेस नौजवानों को संगठित करने के लिए भारत जोड़ो मेले का आयोजन करेगी जिसमें युवकों की को बड़ी संख्या में संगठित किया जाएगा। इन मेलों में प्रसिद्ध गायकों कलाकारों सोशल मीडिया के साथ संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में देहरादून और गैरसैण में महिला मार्च आयोजित किए जाएंगे।

# नासवी के 12वें सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे अजय भट्ट

संवाददाता

हरिद्वार। नासवी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय चोपडा ने सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट को 12वें स्ट्रीट फूड फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।



आज यहां उत्तराखंड नैनीताल लोकसभा से सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट से नई दिल्ली स्थित उनके आवास तीन मूर्ति मार्ग पर उनके कार्यालय में नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी संचालन समिति के सदस्य संजय चोपड़ा ने आगामी वर्ष 2023 13 से 15 जनवरी को नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में नासवी द्वारा आयोजित किया जा रहा 12 वा स्ट्रीट फूड फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा निमंत्रण को स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा भारत देश की सभ्यता व पौराणिकता के साथ भारतीय हमेशा ही अपने व्यंजन के माध्यम से आकर्षित करते चले आ रहे हैं। उत्तराखंड राज्य के बडवे की रोटी, बिच्छू घास का साग, जंगलों की खीर, भट्ट तोर, कुलद, राजमा जैसी दाल विश्व भर में प्रसिद्ध है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह, सदस्य संजय चोपड़ा ने संयुक्त रूप से कहा भारतवर्ष के रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स अपने कारोबारी व्यवसाय के माध्यम से फुटपाथ पर बिकने वाले सस्ते और अच्छे भोजन को आम जनता तक पहुंचाने के लिए एक कर्म योगी के माध्यम से कार्य करते हैं। इसीलिए भारतवर्ष के 25 राज्यों के रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य की प्रसिद्ध व्यंजन को राष्ट्रीय भोजन संग्रह उत्सव के माध्यम से नासवी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का 12 वा वर्ष है। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट को नासवी द्वारा आयोजित 12वीं स्ट्रीट फूड फेस्टिवल में आमंत्रित करते प्रतिनिधि मंडल में अरविंद सिंह, संगीता सिंह, राकेश त्रिपाठी, संजय चोपड़ा, दीपक कुमार, कमल उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# बिजली विभाग का अधिकारी बन ठगे तीन लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। बिजली विभाग का अधिकारी बन तीन लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महारानी बाग निवासी आशुतोष शाह ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपने आपको बिजली विभाग का अधिकारी बताते हुए उससे कहा कि उनका बिजली का बिल जमा नहीं है उनका कनैक्शन काट दिया जायेगा। जिसके बाद उसने उनको बताया कि उसने अपना बिल जमा कर दिया है। उसके बाद उसने उससे उसके बारे में जानकारी लेकर उसके बैंक खाते की पूरी जानकारी ले ली। जिसके कुछ देर बाद ही उसके खाते से तीन लाख रूपये गायब हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान का ताला तोडकर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामपुर निवासी सुमन सिंह रावत ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दादी का मकान गढी श्यामपुर में है तथा उसकी दादी बाहर गयी हुई है। आज जब वह उनके मकान में पहुंचा तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर वहां से 30 हजार रूपये नगद व जेवरात चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जमीन की धोखाधडी में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने जमीन की धोखाधडी के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश चन्द आर्य ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पौंधा में जमीन है। जिसको पौंधा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रतान लाल, विजय कुमार पुत्र रतनलाल, सुनील कुमार पुत्र रतनलाल, विनोद कुमार पुत्र अतर सिंह, सतीश कुमार पुत्र अतर सिंह, शास्त्रीलाल पुत्र तिलक सिंह व जमिलाल पुत्र तिलक सिंह के द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर उसकी जमीन को बेच दिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल्मीकि बस्ती चिरंजीपुर निवासी अनुज ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह मंडी चौक के पास निक्कू सरदार के मकान के पास पहुंचा तो निक्कू सरदार व जोगेन्द्र सिंह बेदी ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने सपेरा बस्ती के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 310 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम साहिल पुत्र पिंकू व अशोक नाथ पुत्र नवाब सिंह दोनों निवासी शांति विहार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# ग्राम पंचायतों को सतत् विकास लक्ष्यों के नौ थीम के आधार पर ग्राम पंचायतों में योजनाएं बनाने की अपील



कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। जिले के विकास खंड कनालीछीना, मूनाकोट तथा पिथौरागढ़ में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों को सतत् विकास लक्ष्यों के नौ थीम के आधार पर ग्राम पंचायतों में योजनाएं बनाने की अपील की गई। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों को आर्थिक एवं सामाजिक न्याय पर सशक्त बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के गुर सिखाए गए।

निदेशालय पंचायतीराज उत्तराखंड द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकृत संस्था सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया पिथौरागढ़ के मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि दुनिया के 193 देशों ने 2015 में वैश्विक स्तर पर बैठकर सतत् विकास लक्ष्यों के 17 गोल तय किया था।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने 2030 तक इन लक्ष्यों को धरातल पर उतारने के साथ एक परफेक्ट व्यवस्था देने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी पंचायतों का बजट भी नौ लक्ष्यों के आधार पर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंचायतों को इसी थीम के आधार पर कार्य करना है। इसके लिए सभी को प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि रेखीय विभागों को भी अब पंचायतों में बैठकर कार्य करना होगा। वहीं पर बैठकर लक्ष्य आधारित योजनाएं बनानी होगी।

पिथौरागढ़ विकास खंड में क्षेत्र प्रमुख लक्ष्मी गोस्वामी, कनालीछीना में क्षेत्र प्रमुख सुनीता कन्याल, मूनाकोट में खंड विकास अधिकारी आशा मेहता ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षणों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से ही हमारी कार्य करने की संस्कृति में बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंचायतों को नये स्वरूप में अपने को लाना होगा।

तीनों प्रशिक्षणो में पिथौरागढ़ ब्लाक में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह पोखरिया, एडीओ पंचायत हुक्म सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दीपक कुमार, कनालीछीना में खंड विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद, एडीओ पंचायत योगेश कुमार पांडेय, मूनाकोट में एसडीओ पंचायत सोहन लाल वर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मनोज धामी तथा कनालीछीना में खंड विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद, एडीओ पंचायत योगेश पांडे आदि मौजूद थे।

# बिजली के दामों पर बढौतरी पर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता

देहरादून। बिजली के दामों में वृद्धि होने पर पछवादून कांग्रेस कार्यकताओं ने कार्यकारी जिला अध्यक्षा लक्ष्मी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां पछवादून कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्षा लक्ष्मी कपरुवान अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की आज प्रदेश अध्यक्ष करण महरा के आह्वान पर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाल में विद्युत बिलों के दामों में वृद्धि करने का निर्णय व राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्ष के अंतराल में दूसरी बार विद्युत बिलों में वृद्धि से जो प्रदेश की गरीब जनता पर महंगाई का एक और बोझ सरकार द्वारा लगाया है उसके विरोध में हरबर्टपुर चौक पर भाजपा की राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। लक्ष्मी कपरुवान अग्रवाल ने कहा की भाजपा सरकार द्वारा छोटे राज्य उत्तराखंड की जनता का लगातार शोषण किया जा रहा है।

एक तरफ महंगाई की मार से लोग परेशान हैं, ऊपर से बिजली की दरों में बढोतरी कर सरकार आमजन को दोहरा झटका दे रही है। उन्होंने कहा की बिजली की दर यदि बढाई जाती है तो कांग्रेस प्रदेश की जनता के साथ सडको पर उतरेंगे। इस मौके पर हरबर्टपुर ब्लॉक अध्यक्ष आशीष पुंडीर, विकासनगर ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय जैन,पम्मी देवी (सभासद), अब्दुल खलिक( जिला उपाध्यक्ष) , राजेश, मोईन खान, अशोक नेगी, हरीश बिष्ट, अभिषेक चौहान, हिमांशू वर्मा, रोहित कुमार, भीना ठाकुर, कालू राम मेहता, राजेश पीटर,मुंतजीर, इल्म चंद, नीलम थापा, बबली देवी, शीतल, अब्दुल, आकाश, संदीप भट्ट, कुरबान, शहजाद, नमन, नाथी राम, आशीष राम पुंडीर, सुनील तोमर, बबली देवी, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 'स्वच्छ वार्ड सुंदर दून' अभियान पहुंचा वार्ड संख्या 27 झंडा मोहल्ला में

संवाददाता

देहरादून। मेयर सुनील उनियाल गामा ने स्वच्छ वार्ड सुंदर दून अभियान के तहत वार्ड 27 झण्डा मौहल्ला पहुंचा सफाई अभियान चलाया।

आज यहां मेयर सुनील उनियाल गामा राजपुर रोड विधानसभा के अंतर्गत वार्ड संख्या 27, झंडा मोहल्ला पहुंचे जहां उन्होंने क्षेत्रवासियों और नगर निगम की टीम के संग मिलकर क्षेत्र में ३ घंटे तक स्वच्छ वार्ड सुंदर दून अभियान के माध्यम से श्रमदान किया। हमेशा की तरह मेयर सुनील उनियाल गामा ने स्वयं आगे आकर झाड़ू पकड़ा और सड़कों की सफाई शुरू की, कभी कूड़े से चौक हुई नालियों तक पहुंचे और फावड़े से कूड़ा निकालकर नालियों की सफाई की और कूड़े के ढेर जहां जहां दिखे वहां खुद पहुंचकर कूड़ा उठाकर निगम की कूड़ा निस्तारण रिक्से में रखा। अभियान के बीच में स्थानीय निवासियों का एक दल मेयर से मिलने पहुंचा, उन्होंने बताया कि अखबार एवं सोशल मीडिया के माध्यम से वह इस अभियान के बारे में पढ़ रहे हैं, और उन्होंने खुशी जाहिर की कि शहर के प्रथम व्यक्ति स्वयं सड़कों पर आकर झाड़ू लगा रहे हैं, जिससे पूरी जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश अधिक प्रबलता से प्रसारित हो रहा है।



अभियान के रास्ते में मिलने वाले नागरिकों ने मेयर का अभिवादन किया अपनी समस्याओं से उनको अवगत कराया जिस पर मेयर गामा ने सभी समस्याओं के निपटारे का आश्वासन उनको दिया। मेयर सुनील उनियाल गामा ने बताया कि स्वच्छता एक मिशन है, यह तब तक पूरा नहीं होगा जब तक देहरादून का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को लेकर गंभीर एवं जागरूक नहीं होगा उन्होंने बताया कि इस अभियान का मंतव्य ही यही है कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश जन जन तक पहुंचे और देहरादून देश के स्वच्छता शहरों की श्रेणी में सम्मिलित हो सके। आज के अभियान में क्षेत्रीय पार्षद अजय सिंघल, मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता, अंबिका गैरोला, रोशन राणा, कार्तिक बजरंगी, अंकुर जैन, वैभव अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।

# नशीले इन्जेक्शनों सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 17 नशीले इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली रामनगर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आनेवाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को कोटद्वार रोड पानी की दो बड़ी टंकी के पास बनी पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 17 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम फरीद पुत्र राशिद निवासी गुलरघट्टी रामनगर बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# महिला ने पति व उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

संवाददाता

देहरादून। महिला को अपशब्द कहने व वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोथरोवाला निवासी महिला ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका अपने पति मुकुल शर्मा से न्यायालय में केस चल रहा है। इस दौरान उसके पति के द्वारा उसको फोन पर धमकी व अश्लील मैसेज भेजकर परेशान किया जा रहा है। उसने बताया कि कुछ दिनों से एक व्यक्ति जोकि अपना नाम दीप मैठाणी बता रहा है तथा अपने आपको रिपोर्टर बताकर उसके साथ बतमीजी की जा रही है तथा उसके खिलाफ अश्लील वीडियों व अन्य पोस्ट फेसबुक में कर उसको बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। उसके कई बार फोन ना करने के बाद भी दीप मैठाणी के द्वारा उसको फोन कर धमकाया जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गुरु राम राय विद्यालय में एबीवीपी ने किया शक्ति प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। श्री गुरू राम राय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने घोषित प्रत्याशियों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया।



आज श्री गुरु राम राय महाविद्यालय में एबीवीपी के द्वारा घोषित प्रत्याशीयों के द्वारा महाविद्यालय में शक्ति प्रदर्शन रैली निकाली गई। एबीवीपी के द्वारा अध्यक्ष पद पर पार्थ जुयाल तथा महासचिव पद पर नितिन चौहान को अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा है। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर आशीष सिंह, सह सचिव मनजीत सिंह, कोषाध्यक्ष की इरम फातिमा तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बलबीर कुंवर को घोषित किया हुआ है। पहली का सफल आयोजन करने में एबीवीपी के पूर्व जिला सह संयोजक सोनू सरदार, प्रदेश सह मंत्री ऋषभ रावत, पूर्व छात्र संघ महासचिव विश्वनाथ बुड़ाकोटी, पूर्व उपाध्यक्ष ओशिन कुवाल, पूर्व विवि प्रतिनिधि सूरज सिंह आदि सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# पानी पीकर आप कम कर सकते हैं डायबीटीज

इसमें कोई शक नहीं कि पानी सबसे हेल्दी और प्योर ड्रिंक है जो न सिर्फ हमारी प्यास बुझाता है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। यही वजह है कि हर वयस्क को हर दिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीना चहिए। इंसान का 70 फीसदी शरीर पानी से बना है और शरीर की सभी क्रियाएं सुचारू रूप से चलें इसके लिए भी पानी बेहद जरूरी है। कुल मिलाकर देखें तो पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।



बहुत से अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो डायबीटीज को दूर करने में भी पानी आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आपने बिलकुल सही सुना। अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो अगर आप नियमित रूप से पानी पीते रहें तो खून में ग्लूकोज के बढ़े हुए लेवल को कम करने में मदद मिल सकती है। कुछ स्टडीज में यह बात साबित भी हो चुकी है कि पानी पीने से खून में मौजूद अतिरिक्त शुगर की मात्रा को यूरीन के रास्ते शरीर से बाहर निकालने में मदद मिलती है।

शरीर में वॉटर रिटेंशन को बनाए रखने में मदद करता है एक हॉर्मोन जिसका नाम है वैसोप्रेसिन और यह तब बढ़ जाता है जब आपके शरीर में पानी की कमी होती है। वैसे लोग जो अपने ब्लड शुगर लेवल को कम करना चाहते हैं या फिर सामान्य रूप से हेल्दी जीवन जीना चाहते हैं उन्हें हर दिन थोड़े-थोड़े अंतराल पर कम से कम 8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए।

ब्लड शुगर लेवल पर सकारात्मक असर हो इसके लिए बेहद जरूरी है कि आप पानी पीने के साथ-साथ शुगरी ड्रिंक्स, ऐल्कॉहॉल और जंक फूड से दूर रहें। अगर आपको सादा पानी पीना पसंद नहीं है तो आप इसे टेस्टी और हेल्दी बनाने के लिए पानी में पुदीने की पत्तियां, नींबू और चुटकी भर नमक डाल सकते हैं। ये एक तरह से डिटॉक्सिफाइंग ड्रिंक का काम करेगा जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के बैलेंस को बरकरार रखता है।

# रोज पिएं चाय तेज होगा दिमाग, याददाश्त होगी अच्छी

चाय पीने के नुकसान तो आपने खूब सुने होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके फायदे हैरान करने वाले हैं. हाल में हुई एक रिसर्च में यह बात सामने आई कि चाय पीने से दिमाग के काम करने की क्षमता बेहतर होती है.



यह तो शायद आपने भी महसूस किया होगा कि सुबह चाय की एक प्याली पीने के बाद नींद की खुमारी उतर जाती है और बॉडी में एनर्जी महसूस होती है. लेकिन रिसर्च में खुलासा हुआ है कि चाय पीने वालों की विचार विमर्श की शक्ति, किसी चीज को सीखने और समझने की क्षमता बेहतर होती है. आइए विस्तार से जानते हैं कि चाय के फायदे के बारे में क्या कहती है ये रिसर्च...

नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के प्रोफेसर फेंग ली जोकि इस रिसर्च की अध्यक्षता कर रहे थे बताया कि शोध का यह निष्कर्ष निकला कि चाय पीने से दिमाग की संरचना पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित रूप से चाय पीने पर दिमाग में बुढ़ापे के लक्षण धीरे आते हैं.

रिसर्च में यह भी पता चला कि जो लोग रोज सुबह चाय पीते हैं उनमें किसी भी काम पर फोकस करने और फैसला लेने की क्षमता ज्यादा मजबूत होती है बजाए कि उन लोगों के जो चाय नहीं पीते हैं. इस सिलसिले में शोधकर्ताओं ने जर्नल एजिंग में प्रकाशित एक स्टडी का बारीकी से अध्ययन किया. इसके बार पहली बार यह जानकारी सामने आई कि चाय पीने से दिमाग पर सकारात्मक असर पड़ता है. इससे उम्र के साथ कमजोर होती याददाश्त पर भी असर पड़ता है.

## शब्द सामर्थ्य -76

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# कांतारा ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक तोड़े कई बड़े रिकॉर्ड्स

कन्नड़ फिल्म कांतारा दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। 16 करोड़ रुपये के बजट में तैयारी हुई इस फिल्म ने 4०० करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अलग-अलग भाषाओं में केजीएफ- चैप्टर 2 और बाहुबली 2 समेत कई फिल्मों के रिकॉर्ड्स तक तोड़ दिए हैं।

कांतारा कर्नाटक के बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बन गई है। कांतारा ने कर्नाटक बॉक्स ऑफिस पर यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 से ज्यादा कमाई की है। केजीएफ चैप्टर 2 ने दस हफ्तों में कर्नाटक बॉक्स ऑफिस पर 182.96 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कांतारा की बात करें तो ऋषभ के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने मात्र आठ हफ्तों में ही 183.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। पांचवें हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई कर कांतारा ने बाहुबली 2 (24.5० करोड़) का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। प्रभास की फिल्म ने पांचवें हफ्ते में हिंदी में 11.78 करोड़, तमिल में 3.5० करोड़, तेलुगू में 6.72 करोड़ और मलयालम में 2.5० करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं ऋषभ की फिल्म ने हिंदी में 19.95 करोड़, तमिल में 2.14 करोड़, तेलुगू में 1०.1 करोड़, मलयालम में 5.23 करोड़ और कन्नड़ में 15.23 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

कांतारा ने छठवें हफ्ते में सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। ऋषभ की फिल्म ने छठवें हफ्ते में 3०.17 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने छठवें हफ्ते के पहले दिन तीन (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) में ही 18.5 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है। बता दें कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 2०19 में आई हिंदी फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के नाम पर था, जिसने छठे हफ्ते में 11.6० करोड़ रुपये कमाकर ऑल टाइम रिकॉर्ड बनाया था। कांतारा ने आठवें हफ्ते में 12.7० करोड़ का कारोबार कर सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। अभी तक यह रिकॉर्ड 21 साल पहले रिलीज हुई फिल्म गदर- एक प्रेम कथा के नाम पर था। फिल्म ने आठवें हफ्ते में 4.1० करोड़ की कमाई की थी। यानी कांतारा ने गदर से 5० गुना ज्यादा का कलेक्शन किया है। इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल के अलावा अमरीश पुरी जैसे दिग्गज कलाकार थे। कांतारा आठवें हफ्ते में कर्नाटक के 3०० से अधिक सिनेमाघरों में प्रदर्शन किया है। बता दें कि अभी तक कोई भी फिल्म आठवें हफ्ते में कर्नाटक के इतने सारे सिनेमाघरों में रन नहीं हुई है। कांतारा सबसे ज्यादा रिटर्न पाने वाली फिल्म बन गई है। 16 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 4०4.33 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है। कांतारा, दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय लोककथा बन गई है। कांतारा का कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम वर्जन 24 नवंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुका है। वहीं, फिल्म का हिंदी वर्जन 9 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गया है। बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली रही है। बता दें कि ऋषभ की यह फिल्म भूत कोला परंपरा पर आधारित है, जिसमें सप्तमी गौड़ा और अच्युत कुमार भी दिखे हैं।

# शिल्पा शिंदे शो मैडम सर से कर रहीं छोटे पर्दे पर वापसी

अभिनेत्री शिल्पा शिंदे एक बार फिर चर्चा में हैं। दर्शक लंबे समय से उन्हें पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब जल्द ही खत्म होने वाला है। हालांकि, शिल्पा डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा में नजर आई थीं, लेकिन यहां उनका सफर जल्दी खत्म हो गया था। उन्हें किसी डेली सोप में नहीं देखा गया था। अब वह शो मैडम सर से छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी के लिए तैयार हैं। शिल्पा ने कहा, मैडम सर काफी समय से टीवी पर राज कर रहा है। इसे इसकी साफ-सुथरी मजेदार कॉमेडी के लिए बेहद सराहा जाता है। इस प्रस्ताव को ठुकराया नहीं जा सकता था। शो में अपने किरदार पर उन्होंने कहा, मेरा किरदार पुलिस में था, लेकिन उसने नौकरी छोड़ दी और अपनी शादी पर ध्यान देने के लिए अपने सपनों को दांव पर लगा दिया। अब वह सालों बाद ड्यूटी पर वापस आई है।

यह एक कॉमेडी एक्शन टीवी सीरीज है, जिसकी शुरुआत 2०2० में सोनी सब पर हुई थी। जय मेहता इस शो के निर्माता हैं। गुल्की जोशी, युक्ति कपूर और सोनाली नाइक इसमें मुख्य भूमिका में हैं और अब शिल्पा भी इससे जुड़ गई हैं। इसमें महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया है। हल्की-फुल्की कॉमेडी वाले इस शो से दर्शक आसानी से खुद को जोड़ पाते हैं। यह शो समस्याओं को सुलझाने के अपने नए-नए तरीकों से खुशियां फैला रहा है।

शिल्पा ने अपने करियर की शुरुआत 2००1 में आए धरावाहिक कभी आए न जुदाई से की थी। उन्होंने अपने टीवी करियर में कई शो किए, लेकिन शिल्पा को अगर उनके किसी किरदार के लिए दर्शकों का खूब प्यार मिलता है तो वो है धारावाहिक भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के लिए। आज भी उन्हें सही पकड़े डायलॉग को मशहूर करने के लिए जाना जाता है। शिल्पा को आखिरी बार 2०16 में इसी धारावाहिक में देखा गया था। भाभीजी घर पर हैं से मशहूर हुईं अभिनेत्री सौम्या टंडन भी सालों बाद अभिनय जगत में लौट रही हैं। उन्हें फिल्म फाइल नंबर 323 में अनुराग कश्यप के साथ देखा जाएगा। शिल्पा की तरह सौम्या का आखिरी शो भी भाभीजी घर पर हैं ही था। शिल्पा ने 2०17 में रियलिटी शो बिग बॉस 11 में भाग लिया था और इसमें भी उन्होंने अपने शानदार गेम से दर्शकों का दिल जीत लिया था। यही वजह है कि शिल्पा ने शो की ट्रॉफी अपने नाम की।

# गोलमाल 5 में होगी रणवीर सिंह की एंट्री




बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म सर्कस का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ पूजा हेगड़े, वरुण शर्मा और संजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान रोहित ने खुलासा किया कि रणवीर अब गोलमाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा होंगे। इसके साथ ही रणवीर ने कार्यक्रम के दौरान ही सिम्बा के दूसरे पार्ट की भी घोषणा कर दी है।

सर्कस के ट्रेलर लॉन्च के दौरान रणवीर अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए कहते हैं, यह रोहित के कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली है। तभी रोहित कहते हैं, बहुत स्मार्ट आदमी है ये, अब गोलमाल में नजर आएगा। दरअसल, सर्कस के ट्रेलर के अंत में गोलमाल के मुख्य कलाकारों की झलक देखने को मिलती है, जिससे यह समझ आता है कि सर्कस में रणवीर का किरदार गोलमाल से जुड़ा हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान जब रोहित से पूछा गया कि वह रणवीर के साथ काम करना क्यों पसंद करते हैं, तब निर्देशक ने कहा कि उन्हें अभिनेता का काम के प्रति समर्पण और उनकी एनर्जी बहुत पसंद है। रोहित ने आगे कहा कि उन्होंने रणवीर के साथ पहली बार काम एक एड शूट के दौरान किया था। रणवीर ने रोहित का धन्यवाद किया और इशारों-इशारों में निर्देशक के साथ अपनी अगली फिल्म सिम्बा 2 की भी पुष्टि कर डाली।

रोहित और रणवीर की फिल्म सर्कस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बता दें कि यह फिल्म दर्शकों को 6० के दशक में ले जाएगी। इसमें रणवीर सिंह डबल रोल में होंगे। यह फिल्म 23 दिसंबर, 2०22 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, सिद्धार्थ जाधव, टीकू तलसानिया, व्रजेश हिरजी, अश्विनी कालसेकर के अलावा दीपिका पादुकोण और अजय देवगन भी दिखाई देने वाले हैं।

रणवीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता को आखिरी बार जयेशभाई जोरदार में देखा गया था। अब अभिनेता को करण जौहर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा जाएगा।

इस फिल्म में आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 28 अप्रैल, 2०23 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके बाद वो निर्देशक शंकर की अगली फिल्म में भी दिखाई देंगे, जो 2००5 की तमिल फिल्म अन्नियन की रीमेक है।(आरएनएस)

# हसरतें में दमदार किरदार लेकर आईं कृष्णा मुखर्जी



ये है मोहब्बतें की अभिनेत्री कृष्णा मुखर्जी वेब सीरीज हसरतें में एक मजबूत लड़की की भूमिका में नजर आएंगी, जो परिवार या समाज की परवाह किए बिना अपनी शर्तों पर जीवन जीने का फैसला करती है। उन्होंने कहा कि वह कहानी से संबंधित है क्योंकि यह दर्शाती है कि उन्होंने अपने वास्तविक जीवन में क्या देखा है।

कृष्णा ने कहा, यह एक ऐसी कहानी है, जिससे मैं जुड़ी हूं। मेरे कॉलेज के दिनों में, मेरी एक दोस्त जो अपनी मुस्कान के लिए मशहूर थी, उस खूबसूरत मुस्कान के पीछे अपना दर्द छुपा रही थी। उसके पास अपना साथी चुनने का विकल्प नहीं बचा था और मेरी कहानी भी इसी तरह की है। ये है 3० वर्षीय अभिनेत्री को कुछ तो है, ये है आशिकी, शुभ शगुन और कई अन्य में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि कितनी बार ऐसा देखा गया है कि महिलाओं को अपने माता-पिता की इच्छा के अनुसार शादी करने या अपना साथी चुनने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा, हमारे समाज में अभी भी इस तरह की प्रथाओं को देखना निराशाजनक है। इसलिए, मैंने अपने व्यक्तिगत अनुभव को ज्योति की भूमिका निभाने के लिए इस्तेमाल किया, जो एक मजबूत लड़की है, जिसने पितृसत्तात्मक समाज में अपना रास्ता चुना है। सीरीज में मोनालिसा, अदा खान, कृष्णा मुखर्जी, रवि भाटिया, विन राणा, शिल्पा तुलस्कर, सना सैय्यद, सिद्धार्थ शर्मा, आयुष आनंद और साहिल उप्पल शामिल हैं। इसकी स्ट्रीमिंग हंगामा प्ले पर होगी। (आरएनएस)

# दृश्यम 2 ने कमाए 200 करोड़ रुपये

अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 बॉक्स ऑफिस पर बढ़ती जा रही है। शनिवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2०० करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म 18 नवंबर को रिलीज हुई थी और रिलीज के एक हफ्ते में ही 1०० करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली थी। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 225 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है।

तरण आदर्श ने ट्वीट करके फिल्म के 2०० करोड़ क्लब में शामिल होने की जानकारी दी। दृश्यम 2 2०० करोड़ कमाने वाली अजय की तीसरी फिल्म बन गई है। इससे पहले तान्हाजी और गोलमाल अगेन यह कीर्तिमान रच चुके हैं। तरण के ट्वीट के अनुसार फिल्म ने चौथे हफ्ते शुक्रवार को 2.62 करोड़ और शनिवार को 4.67 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की कुल 2०3.59 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

दृश्यम 2 18 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसके बाद 25 नवंबर को वरुण धवन की भेड़िया और 2 दिसंबर को आयुष्मान खुराना की एन एक्शन हीरो रिलीज हुई थी।

इन फिल्मों को टक्कर देते हुए फिल्म ने अपने चौथे हफ्ते में प्रवेश किया था। चौथे हफ्ते में अजय की फिल्म काजोल की फिल्म सलाम वेंकी को टक्कर दे रही है। एक तरफ जहां दृश्यम ने कीर्तिमान रचा है, वहीं सलाम वेंकी शनिवार तक सिर्फ 1.3 करोड़ रुपये कमा सकी।

दृश्यम 2 2०15 में आई फिल्म दृश्यम का सीक्वल है। दोनो फिल्में इसी नाम से आई मलयालम फिल्म का रीमेक हैं। दृश्यम में अजय के साथ श्रीया सरन, इशिता दत्ता, तब्बू और रजत कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अजय का किरदार चौथी फेल केबल ऑपरेटर विजय सालगांवकर का है जिसकी बेटी से गलती से एक हत्या हो जाती है। दृश्यम को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था और बेसब्री से सीक्वल का इंतजार कर रहे थे।

दृश्यम 2 में कहानी पिछली फिल्म से सात साल आगे है। फिल्म में सात साल पुराना मर्डर केस फिर से खुला है और एक बार फिर से विजय पर अपने परिवार को बचाने की जिम्मेदारी है। इस बार फिल्म की कास्ट में अक्षय खन्ना की एंट्री हुई है। अक्षय का किरदार एक सख्त पुलिस अफसर का है जो विजय के लिए मुसीबत बनकर आया है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है।

एक तरफ फिल्म के प्रशंसकों को अब फिल्म की तीसरी कड़ी का इंतजार है, वहीं निर्देशक अभिषेक पाठक दृश्यम 3 की योजना पर मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, उनके अनुसार फिल्म को पूरा समय लेकर और तैयारी के साथ बनाया जाएगा।

# राजकुमारी अमृत कौर : सचमुच विलक्षण...

डॉ. सुधीर सक्सेना

वह सचमुच विलक्षण थीं। उनका जीवन वैभव, त्याग, सेवा, समर्पण और सम्मान की चमकीली लड़ियों से गुंथा हुआ था। वह शाही-परिवार में जनमीं। विलायत में पली-बढ़ीं। गांधी से मिलीं तो उनके पीछे चल पड़ीं। उनकी सेक्रेटरी रहीं। अनेक बार जेल गयीं। बापू से अनुप्राणित होकर सरल-सादा, आडंबरहीन जीवन जिया। संविधान सभा की सदस्य रहीं और सांसद और मंत्री भी। स्वतंत्र भारत की वह पहली महिला काबीना मंत्री रहीं। उन्होंने कई संस्थाओं की नींव डाली और कई योजनाओं की सूत्रधार बनीं। वह एकाकी रहीं, तन, मन और धन से देश को समर्पित। वह ईसाई मतावलंबी थीं किन्तु उनकी अंत्येष्टि उनकी इच्छानुरूप सिख परंपरा से हुई। उन्होंने अपनी संपत्ति शैक्षणिक प्रयोजन से दान कर दी। एम्स के रूप में उन्होंने देश को अनमोल-संजीवनी सौगात दी। इसे अकृतज्ञता या कृतघ्नता ही कहेंगे कि हम ऐसी बहुआयामी विलक्षण महिला को भूल चले हैं, जिसका नाम था राजकुमारी अमृत कौर।

राजकुमारी अमृत कौर ऐसी विरल शख्सियत हैं, जो उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में आईं और उन्होंने बीसवीं सदी के मध्य को अपने तपःपूत कार्यों से आलोकित किया। राजकुमारी का जन्म 2 फरवरी, सन् 1889 को अवध-प्रांत की राजधानी लखनऊ में हुआ। उनके पिता राजा हरनाम सिंह कपूरथला रियासत से संबंद्ध थे और उथ्तराधिकार के संघर्ष के चलते कपूरथला से लखनऊ चले आये थे। वह कपूरथला के महाराज रणधीरसिंह अहलूवालिया के छोटे बेटे थे। लखनऊ आकर वह अवध रियासत के मैनेजर हुए और बादशाह बाग में रहने लगे। राजकुमारी का बचपन वहीं बीता। राजा हरनाम की दस संतानों में राजकुमारी इकलौती बेटी और अंतिम संतान थीं। बंगाल से लखनऊ आये गोलकनाथ चटर्जी के प्रभाव में उन्होंने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। गोलकनाथ की बेटी प्रीसिला से ही उन्होंने शादी भी की। मां-पिता की लाड़ली राजकुमारी का पालन-पोषण प्रोटेस्टेंट ईसाई के तौर पर हुआ। इंग्लैंड में डोरसेट में शेरबोर्न स्कूल फॉर गर्ल्स में शिक्षा-दीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए वह ऑक्सफोर्ड गयीं। वहां से पढ़ाई पूरी कर वह सन् 1918 में भारत लौटीं, जहां एक सर्वथा भिन्न जीवन उनकी प्रतीक्षा में था।

राजकुमारी इंग्लैंड से लौटीं तो स्वतंत्रचेता स्त्री थीं। वह भारत की मुक्ति की आकांक्षी थीं। उनके पिता के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके नेताओं से प्रगाढ़ संबंध थे। गोपालकृष्ण गोखले उनके यहां अक्सर आया करते थे। राजकुमारी को महात्मा गांधी के विचारों ने गहरा प्रभावित किया। वह गांधी युग की पूर्व बेला थी। सन् 1919 में राजकुमारी पहले पहल बंबई में बापू से मिलीं। इस मुलाकात ने उनकी जिंदगी बदल दी। वह 16 वर्षों तक बापू की सचिव रहीं। बापू और उनके मध्य पत्राचार बाद में प्रकाशित हुआ। उनके पत्र आज भी नेहरु मेमोरियल और तीन मूर्ति भवन की लाइब्रेरियों में सुरक्षित हैं। गांधी और गांधीवाद को समझने के मान से वे महत्वपूर्ण हैं।

राजकुमारी की शिक्षा-दीक्षा ब्रिटेन में हुई थी। किन्तु जालियांवाला नरमेध ने उन्हें झकझोर दिया। वह उपनिवेशवादी ब्रिटेन की कट्टर आलोचक हो गयीं और मुक्ति उनका अभीष्ट हुई। उन्होंने सामाजिक सुधारों के लिए जंग छेड़ी। उन्होंने पर्दा प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठायी और देवदासी प्रथा का मुखर विरोध किया।

सन् 1927 में वह ऑल इंडिया वूमेंस कांग्रेस की सह-संस्थापक रही। सन् 193० में वह इसकी सेक्रेटरी बनीं और सन् 1933 में अध्यक्ष। सन् 193० में दांडी कूच में भाग लेने पर बर्तानवी हुकूमत ने उन्हें जेल भेज दिया। सन् 1934 में वह रहने के लिए बापू के आश्रम में चली आईं। उन्होंने आडंबरहीन सादगीपूर्ण जीवन अपना लिया और मुक्तिव्रती हुईं। साहस-वृत्ति के चलते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उन्हें सन् 1937 में एक सद्भावना मिशन के तहत पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बन्नू भेजा। हुकूमत ने उन्हें बंदी बनाकर जेल में डाल दिया। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें शिक्षा सलाहकार मंडल का सदस्य मनोनीत किया, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन में शिरकत के चलते राष्ट्रव्रती राजकुमारी ने मेंबरशिप से इस्तीफा दे दिया।

राजकुमारी आजादी, अधिकारों और सुधारों के लिए आवाज उठाने से कभी नहीं चूकीं। भारत में संवैधानिक सुधारों पर ब्रिटिश संसद की संयुक्त सांसद के सम्मुख उन्होंने पुरजोर तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने ऑल इंडिया वीमेन्स एजुकेशन फंड एसोसिएशन की सदारत की। वह लेडी इरविन कॉलेज की अधिशासी समिति की सदस्य रहीं। सन् 1945 और 46 में वह लंदन और पेरिस में यूनेस्को सम्मेलन में भेजे गए भारतीय शिष्टमंडल की सदस्य रहीं। वह ऑल इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन के न्यासी मंडल की सदस्य भी रहीं। निरक्षरता-उन्मूलन के लिए उनकी सक्रियता सतत बनी रहीं। भारत आजाद हुआ तो वह धारा सभा के लिए चुनी गयीं। उन्होंने मौलिक अधिकारों और अल्पसंख्यकों पर उपसमितियों के सदस्य की हैसियत से संविधान निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने समान नागरिक संहिता की वकालत की। उन्होंने समान मताधिकार और धार्मिक अधिकारों के लिए भाषा के संरक्षण पर खुलकर विचार व्यक्त किये। अपने मिशन के प्रति समर्पित वह देश की स्वतंत्रता के साथ ही राजकुमारी के जीवन की नयी चमकीली पारी शुरू हुई।

प्रधानमंत्री पं. नेहरु ने अपने पहले ही मंत्रिमंडल में बतौर स्वास्थ्य मंत्री लिया। इस तरह वह भारत की पहली महिला काबीना मंत्री बनीं। उन्होंने इस दायित्व का बखूबी निर्वाह किया। खामियां और किल्लतें उनके आड़े न आईं। वह दस साल स्वास्थ्य मंत्री रहीं। जनवरी, सन् 1949 में वह डेम आफ द ऑर्डर ऑफ सेंट जॉन नियुक्त हुईं। अगले वर्ष वह वर्ल्ड हेल्थ असेंबली की अध्यक्ष चुनी गयीं। भारत में मलेरिया की रोकथाम के लिए उन्होंने बड़ा अभियान छेड़ा। उन्होंने तपेदिक के खिलाफ मुहिम की अगुवाई की। विश्व का विशालतम बीसीजी टीकाकरण प्रोग्राम भारत में उन्हीं की बदौलत संभव हुआ।

बतौर स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर का भारत में हेल्थ केयर के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपक्रम था ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की दिल्ली में स्थापना। इसकी पहली अध्यक्ष के तौर पर कौर ने सन् 1956 में पहला बिल लोकसभा में पेश किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण की इस सार्थक परिणति के साथ ही उन्होंने इसके लिए पश्चिम जर्मनी, न्यूजीलैंड, अमेरिका, स्वीडन और ऑस्ट्रेलिया से फंड भी जुटाया। सुश्री कौर और उनके एक भाई ने एम्स के स्टाफ और नर्सों के लिए शिमला स्थित अपनी पैतृक संपत्ति और मैनरविले नामक कोठी दान कर दी। उन्होंने भारतीय बाल कल्याण परिषद की स्थापना में भी अहम भूमिका निभायी। वह 14 वर्षों तक इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की अध्यक्ष रहीं। उनके कार्यकाल में रेडक्रास ने सराहनीय काम किये। वह यक्ष्मा और कुष्ठ निवारण संस्थाओं से जुड़ी रही।

उन्होंने अमृत कौर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और नेशनल स्पोर्टस क्लब ऑफ इंडिया की भी शुरूआत की। सन् 1946 में दिल्ली में संस्थापित नर्सिंग कॉलेज के लिए उने अथक प्रयासों के कृतज्ञतास्वरूप भारत सरकार ने उसका नामकरण उनके नाम पर किया। सन् 57 से सन् 64 तक वह राज्यसभा की सदस्य रहीं और एम्स, टीबी एसोसिएशन आफ इंडिया और सेंट जॉन्स एम्बुलेंस कॉर्प्स की बैठकों की अध्यक्षता करती रहीं। रेने सैण्ड मेमोरियल अवार्ड से विभूषित सुश्री कौर को 'टाइम' पत्रिका ने सन् 1947 में वर्ष की महिला का खिताब दिया।

6 दिसंबर को उन्होंने दिल्ली में आंखें मूंदी तो उनका अंतिम संस्कार सिख विधि-विधान से हुआ। वे नहीं हैं, किन्तु एम्स व अन्य संस्थान उनके जीवंत स्मारक के रूप में जीवित हैं।

## सू- दोकू क्र.76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.75का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# सार्थक संगति से ही सुख का उजियारा

योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

समाज में हम सभी मिलकर रहते हैं और हमारा प्रयास होता है कि हम जब भी किसी को साथ लें या उसके साथ चलें तो हमारी संगति को लोग सच्ची और अच्छी संगति कहें। साधारणत: कहा जाता है कि भले ही कोई शराब न पीता हो, लेकिन अगर उसके साथ शराब पीने वाला कोई आदमी रहता हो तो उसे देखने वाले तो उसे भी शराबी ही मानेंगे। अंग्रेज़ी में एक कहावत है-एक व्यक्ति उस संगति से ही पहचाना जाता है, जिसमें वह रहता है।

कबीरदास ने तो बहुत साफ शब्दों में कहा है :-

कबीरा संगत साधु की,हरै और कई व्याधि।

संगत बुरी असाधु की,आठों पहर उपाधि।

अर्थात सज्जन व्यक्ति की संगति बहुत अच्छी होती है, जो दूसरों के दुखों को भी हर लेती है, लेकिन दुर्जनों की संगति बहुत बुरी होती है क्योंकि उसमें तो आठों पहर उपाधि अर्थात दंगा ही दंगा होता रहता है। कुछ दिन पूर्व हिंदी के प्रख्यात लेखक ने मुझे एक बोधकथा भेजी। बोधकथा इस प्रकार है :-

लोहे को छूकर सुवर्ण बना देने वाला पारस और अंधकार से लड़ने वाला एक दीपक पास-पास थे। एक दिन पारस का अहंकार जाग उठा और उसने दीपक को हेय दृष्टि से देखा और कहा-जानते हो दीपक, मेरी महिमा मेरे प्रभाव को तुम जानते हो कि नहीं अरे, मैं जिस लोहे के टुकड़े को छूं दूं, वह सोना बन जाता है। अब बता, मेरे सामने तेरी क्या बिसात

पारस की गर्वोक्ति सुनकर दीपक कुछ सहम-सा गया। फिर सहसा उसे एक युक्ति सूझी। उसने विनम्रता से शीश उठाकर कहा-हे श्रेष्ठ पारस! क्या तुम मेरी एक छोटी सी बात का उत्तर दोगे अहंकार में डूबे पारस ने अपनी उसी हैकड़ी में कहा-हां, हां, पूछ, क्या पूछना चाहता है। दीपक ने बहुत ही शांत भाव से पूछा-ठीक है, मुझे सिर्फ इतना बता दो कि जिस लोहे के टुकड़े को तुम छू दोगे, वह तो सोना बन जाएगा न

पारस ने कहा-इसमें तो कोई शक ही नहीं है, पूरी दुनिया मेरी इस ताकत को जाने कब से जानती और मानती आई है! पारस की यह गर्वोक्ति सुनकर दीपक ने पूछा-मुझे सिर्फ यह बता दो कि क्या तुम्हारे स्पर्श से लोहे से सोना बना हुआ सोना अपने स्पर्श से किसी दूसरे लोहे को भी वैसा ही सोना बना सकता है पारस ने कहा-नहीं, नहीं, लोहे से सोना बना हुआ फिर लोहे को छूकर सोना नहीं बना सकता, क्योंकि यह शक्ति तो सिर्फ मुझे ही मिली है लेकिन इससे क्या होता है मेरे छूने से लोहा तो सोना बन जाता है न अब दीपक ने अत्यंत सहज भाव से कहा-सुनो, पारस, मैं जिस दीपक को छू दूंगा, वह मेरी ही तरह जल कर प्रकाश बिखेरने लगेगा। और इससे भी आगे वह दीपक जो मेरे छूने से जलेगा, जिस भी किसी दूसरे दीपक को छू देगा, वह दूसरा दीपक भी हमारी ही तरह जलने लगेगा। क्या यह शक्ति है तुम्हारे पास दीपक के इस सत्य को सुनकर पारस निरुत्तर हो गया और दीपक को प्रणाम करते हुए बोला-सच में आज मैंने जाना है कि लोहे को सुवर्ण बनाने वाला मैं पारस अधूरा हूं, क्योंकि मेरे छूने से सुवर्ण बना हुआ लोहा किसी और लोहे को सुवर्ण नहीं बना सकता, जबकि दीपक जिस दीपक को छूकर जला देता है, वह दूसरे अनेक दीयों को जला कर संसार को उजियारा देने की शक्ति रखता है। सच कहूं, दीपक, तुम महान हो। इस बोधकथा का संदेश यही तो है कि एक दीप से जले दूसरा दीप और ऐसे ही जलते जाते हैं अगिनित दीप। महत्वपूर्ण सत्य यह है हम अपने सुख का निरन्तर विस्तार करते चलें। अब समझ सकते हैं हम कि सच्ची और सार्थक संगति ही संसार को सुख का उजियारा दे सकती है। पारस से सुवर्ण बना लोहा तो कीमती होकर किसी सेठ की तिजोरी में कैद हो जाता है, लेकिन एक बुझा हुआ दीप अगर कहीं से तेल और बाती पा जाए तो तुरंत उस जलते हुए दीपक के स्पर्श से जल उठता है और उसमें अंधियारे से लड़ने की ताकत भी आ जाती है।

# सरकार जबरन सीवरेज प्लांट को जनता के बीच थोप रही हैः सेमवाल



संवाददाता

देहरादून। यूकेडी के मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि सरकार जबर्दस्ती सीवरेज प्लांट को जनता के बीच थोप रही है।

आज यहां प्रेसवार्ता में यूकेडी मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा है कि अंदोलन को आज पचास दिन हो गये हैं परन्तु सरकार की ओर से अभी तक किसी भी अधिकारी ने अंदोलनकारियों से वार्ता नही की, जिससे स्थानीय लोगों मे सरकार के खिलाफ भारी रोष है। सेमवाल ने कहा सरकार जनता के मुद्दों पर बात ही नही करना चाहती और जबर्दस्ती सीवरेज प्लांट को जनता के बीच थोपना चाहती है। जिसे जनता किसी सूरत मे बर्दाश्त नही करेगी। एसटीपी संघर्ष समिति के आंदोलनकारी रोहित पांडे ने कहा है किसी सूरत मे नकरोदा में सीवरेज प्लान्ट नही बनने देगे। आंदोलनकारी गीता नेगी ने कहा कि यूकेडी अंदोलन कर रहे लोगो के साथ खड़ी है अब यह लडाई तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार इस प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट नही करती। इसके लिए सरकार के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ दिया जायेगा। संघर्ष समिति की नेत्री राज किशोरी बिष्ट और सीता नेगी ने कहा कि जनता आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है परंतु अगर इसे किसी ने धमकाने की कोशिश या कुचलने की कोशिश की इसके परिणाम गंभीर होंगे जिसका खामियाजा सरकार और सरकार के अधिकारी को भुगतना पड़ेगा। सीवरेज प्लांट की आंदोलनकारी प्रमिला बर्थवाल ने आक्रोश जताया कि दो बार जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है परंतु सरकार की ओर से मात्र आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। अगर सीवरेज प्लांट यहां पर नहीं यहां से नहीं हटाया गया तो आंदोलन उग्र होगा और आंदोलन सड़कों पर होगा जिसकी जवाब देही सरकार और प्रशासन की होगी। प्रेस कांफ्रेंस में यूकेडी नेता शिवप्रसाद सेमवाल , अनुपम खत्री, रोहित पांडेय, शंभू सेमवाल, देवेंद्र नेगी, महेशचंद्र खंडूड़ी, गीता नेगी, सीता नेगी, प्रमिला बर्थवाल, यशोदा पंवार ,चंपा कठैत, सुलोचना ईष्टवाल, उत्तरा पंत, गौरव रावत, सरोज रावत, मंजू रावत ,राजेंद्र गोसाई आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पाकिस्तान भारत से माफी मांगे..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

महिलाएं भी मौजूद थी। भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले ही भारत के प्रधानमंत्री हो लेकिन पूरी दुनिया के देश उनका सम्मान करते हैं लेकिन पाकिस्तान जैसे देश के नेता उनकी तुलना एक ऐसे आतंकवादी से करते हैं जिसे पाकिस्तान में घुसकर अमेरिकी कमांडो ने मार गिराया था। यह अगर पाकिस्तानी नेताओं का मानसिक दिवालियापन नहीं तो और क्या है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि वह अपने प्रधानमंत्री के खिलाफ एक शब्द भी नहीं सुनेंगे और न सहेंगे।

दरअसल पाकिस्तान भारत को संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व मिलने से परेशान हैं भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से आतंकी देश बताए जाने से वह बौखलाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिलावल भुट्टो द्वारा ओसामा बिन लादेन की संज्ञा दिए जाने से नाराज भारत सरकार और देश के लोगों की मांग है कि बिलावल और पाकिस्तान की सरकार अपने इस बेहूदा बयान के लिए भारत से माफी मांगे।

इस मुद्दे को लेकर आज राजधानी दून सहित राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों और शहरों में भारी विरोध प्रदर्शन किए गए हैं वही देश की राजधानी दिल्ली सहित देश के सभी राज्यों में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर पाक की इस नापाक हरकत के लिए उसके खिलाफ प्रदर्शन किए हैं।

# कम्पनी में चोरी मामले में कर्मचारियों व कबाड़ियों सहित सात गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पेरागोन कम्पनी के रॉ मैटेरियल को चोरी कर बेचने व खरीदने मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने कम्पनी के कर्मचारियो व कबाड़ी सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो का एक साथी फरार है जिसकी तलाश में छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले एचआर मैनेजर खालिद जहीर पुत्र स्व. जहिरुद्दीन निवासी अशोक विहार कालोनी खुर्रमनगर विकासनगर थाना काजीपुर इन्द्रानगर लखनऊ हाल निवासी एचआर मैनेजर पैरागोन इन्डस्ट्रीज प्रा.लि. रायपुर द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि हमारी कम्पनी में बाहर से कच्चा माल आता है। जब कम्पनी में उक्त कच्चे माल का कांटा किया जाता है तो अक्सर कच्चा माल कम पाया जाता है। मुझे शक है कि इस चोरी में हमारे कम्पनी के कुछ कर्मचारी मिले हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। जांच में जुटी पुलिस टीम को पता चला कि बीते रोज काम्या इंटरप्राइजेज प्रा.लि. दिल्ली से एक वाहन चालक नाहिद पुत्र अनीश दिल्ली से रॉ मैटेरियल (एल्युमीनियम स्क्रैप) लेकर आया है। एचआर मैनेजर द्वारा उक्त रॉ मैटेरियल (एल्युमीनियम स्क्रैप) को तोलने पर पाया कि रॉ मैटेरियल (एल्युमिनियम स्क्रैप) कम है। तत्पश्चात एचआर मैनेजर आदि द्वारा उक्त कच्चे माल में संलिप्त चालक नाहिद व गाड़ी के साथ आये संदीप कुमार दुबे, हैल्पर गौरव पुत्र महिशादास व स्टोर मैनेजर अनिल कुमार को पकड़ कर थाने लाये। जिन पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

पूछताछ में गौरव द्वारा बताया गया कि मै पैरागन कंपनी में 7 वर्ष से स्टोर इंचार्ज अनिल पुत्र चन्द्रभान निवासी पश्चिमी शिवुरम गली न0 1 पनियाला रोड रूडकी के अण्डर स्टोर हैल्पर के पद पर कार्य कर रहा हूँ। मैं कम्पनी के सारे काम अपने स्टोर इंचार्ज के कहने पर ही करता हूँ। पैसो की आलच में आकर स्टोर इंचार्ज के कहने पर कंपनी में आये कच्चे माल के वाहन को लेकर काँटा कराने गया और मैने दो कांटा कराने के बाद संदीप दूबे के साथ भगवानपुर मे ही कबाडियों के गोदाम पर पर कच्चा माल एल्युनियम उतरवा दिये। फिर हम कंपनी वापस आकर स्टोर इंचार्ज अनिल द्वारा माल कंपनी में इन्ट्री करा दी जाती थी। स्टोर इंचार्ज अनिल कुमार, सन्दीप कुमार दुबे व चालक नाहिद हम सब योजनाबद्ध तरीके से पहले भी कई बार कम्पनी के रॉ मैटेरियल को भगवानपुर में काबाडियो को बेचा जा चुका है। इस पर पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सलमान पुत्र इरफान निवासी खेलपुर जनपद हरिद्वार, शाकिर पुत्र मुर्सिलिन निवासी ग्राम चोल्ली शाहपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार (कबाड़ी), शोयब पुत्र शाकिब निवासी ग्राम सिसौना थाना भगवानपुर के कब्जे से बेचा हुआ 2785 किग्रा. कच्चा माल (एल्युमिनियम स्क्रैप) मय पिकअप वाहन बरामद कर लिया गया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए ड्यूटी में नियुक्त फोर्स की ब्रीफिंग आयोजित



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रविवार को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा हरिद्वार के 45 विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित "उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी भर्ती लिखित परीक्षा" को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार में परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी पर नियुक्त किए गए पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया गया है।

ब्रीफ करते हुए नियुक्त फोर्स को अवगत कराया गया कि समस्त पुलिस फोर्स निर्धारित समय पर अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंटों पर पहुंच जायेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी परिक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ प्रवेश न कर पाए। कोई भी पुलिस कर्मचारी परीक्षा केन्द्र के कमरों में बिना बुलाये प्रवेश नहीं करेंगे। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर कोई भी अभ्यर्थी अनुचित संशाधनों का प्रयोग करते हुए पाया जाता है या किसी प्रकार कि शान्ति व्यवस्था प्रभावित करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाये।

निर्धारित परीक्षा केन्द्रों से सम्बन्धित थानाध्यक्ष परीक्षा प्रारम्भ से परीक्षा समाप्ति तक अपने अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखते हुए राउण्ड पर रहेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सुचारू यातायात व्यवस्था का पूर्ण प्रबन्ध करेंगें जिससे की किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्रो में पहुंचने में असुविधा न हो।

परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त पुलिस बल बावर्दी दुरुस्त अपने ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क दृष्टी रखते हुए अपने अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे, साथ ही सादे वस्त्रों में नियुक्त पुलिस फोर्स हर असमान्य गतिविधि पर नजर रखते हुए महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन कर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी या थानाध्यक्ष को तत्काल सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

ड्यूटी पर नियुक्त फोर्स अनावश्यक रूप से मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे। परीक्षा ड्यूटी के दौरान किसी भी पुलिस कर्मी को किसी भी प्रकार समस्या होने या कोई महत्वपूर्ण जानकारी होने पर तत्काल नोड्ल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक संचार को सूचित करेंगें जिससे की सम्बन्धित प्रकरण का समाधान नोड्ल अधिकारी द्वारा किया जा सके।

जनपद हरिद्वार में आयोग द्वारा चयनित 45 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा को सकुशल एवं स्वच्छ पारदर्शी माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक संचार विपिन कुमार को पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए शान्ति व्यवस्था हेतु 86 उ.नि., 174 आरक्षी, 93 महिला आरक्षी को नियुक्त किया गया है।

मातृ सेवा सदन मो0 9760941522
वृद्ध माताओं का आश्रम (श्य्याग्रस्त न हों) निःशुल्क भोजन, वस्त्र एवं मैडिकल
सम्पूर्ण समर्पण फॉउन्डेशन (रजि.) 31/2 धर्मपुर, देहरादून
हेड ऑफिसः- साई छाया, जोहड़ी गाँव, देहरादून

## एक नजर

# तमंचे का रौब और नशा बेच रहे थे बेखौफ, तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशा तस्करी में लिप्त तीन लोगों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके पास से स्मैक, चरस व एक तमंचा भी बरामद किया है। आरोपी नशे के आदी है जो अधिक धन कमाने के चलते नशे का कारोबार से जुड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार बीती शाम एक सूचना के तहत एसओजी व कोतवाली हल्द्वानी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान संयुक्त पुलिस टीम को ब्रिटानिया फैक्ट्री के पास गन्ना सेन्टर रामपुर रोड हल्द्वानी पर एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखायी दिया। जो पुलिस को देख जंगल की ओर भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा दबोच लिया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने उसके पास से 117.5 ग्राम स्मैक एवं एक इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम आकाश पुत्र रमेश निवासी रम्पुरा बताया। बताया कि वह यह स्मैक रम्पुरा से खरीद कर ला रहा है जिसे वह स्वयं पीने का आदि है कि तथा अपना खर्च चलाने हेतु अन्य युवाओं को बेचता है। वहीं दूसरी ओर एसओजी व थाना काठगोदाम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शिवालिक बिहार फेस-2 खाली प्लाट के पास से दो संदिग्ध लोगों को दबोचा गया जिनके पास से 52 ग्राम स्मैक, 605 ग्राम चरस व एक तंमचा बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम मोहित चौहान उर्फ गिल्लू पुत्र आनन्द सिंह चौहान निवासी शिवालिक बिहार फेस-2 व अजय कुमार आर्या उर्फ गोलू पुत्र कैलाश चन्द्र आर्या निवासी मल्ला प्लाट दमुआढूँगा बताया।

## ट्रक की चपेट में आकर एक घायल

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 नम्बर पुलिस निवासी अमित कुमार मोहकमपुर फ्लाईओवर के नीचे से सडक पार कर रहा था तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## कुत्ते के साथ क्रूरता करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। कुत्ते के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पशु क्रूरता निवारण समिति की उपाध्यक्ष पूजा बहुखण्डी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह दीपनगर से जा रही थी तभी उसने देखा कि शुभम पाल व विशाल के द्वारा एक कुत्ते के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करते देखा जो कि कुत्ते को बुरी तरह से मार रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी विनीत तोमर ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से सहस्त्रधारा रोड पर गया था तथा उसने गंगोत्री मार्बल के पास अपनी मोटरसाईकिल खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं माजरा निवासी मौहम्मद नाजिम ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा घर के बाहर खडी की थी जोकि चोरी हो गयी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पुलिस ने स्मैक के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार किया

संवाददाता

देहरादून। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मंशा देवी फाटक के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 36 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचकर कमाये गये 24 हजार रूपये नगद बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम धीरेन्द्र सिंह उर्फ बादशाह पुत्र कृष्ण पाल निवासी मीरगंज बरेली बताया। वहीं क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने आशा रोहडी बैरियर के पास से एक महिला को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पूजा पत्नी चेतन निवासी माल रोड कैण्ट बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अंकिता भण्डारी हत्याकाण्डः एसआईटी ने दाखिल की 500 पेज की चार्जशीट

संवाददाता



देहरादून। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी जांच पूरी करते हुए 500 पेज के साथ ही 100 गवाहों के नामों के साथ चार्जशीट दाखिल कर दी है।

आज यहां पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए एडीजी वी मुर्गेशन व डीआईजी अपराध/कानून व्यवस्था व एसआईटी प्रभारी पी रेणुका देवी ने बताया कि 19 सितम्बर को पुलकित आर्य पुत्र विनोद आर्य निवासी गंगाभोगपुर तल्ला यमकेश्वर ने राजस्व पुलिस को अपने रिजार्ट कर्मी अंकिता भण्डारी पुत्री विरेन्द्र सिंह भण्डारी की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। जिसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर उक्त मामला 22 सितम्बर को पुलिस को सौप दिया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच करते हुए पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण व रिजार्ट में मौजूद रिजार्टकर्मियों से पूछताछ की गयी तो यह बात सामने आयी कि 18 सितम्बर की सांय आठ बजे अंकिता भण्डारी पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर व अंकित उर्फ पुलकित गुप्ता के साथ रिजार्ट से गयी थी तथा उसके पश्चात अंकिता भण्डारी को किसी ने रिजार्ट में नहीं देखा था। जिसके बाद पुलिस ने रिजार्ट मैंनेजर सौरभ भास्कर, पुलकित आर्य व अंकित उर्फ पुलकित गुप्ता हो हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने पुलिस को बताया कि अंकिता भण्डारी को उन्होंने चीला नहर कुनाउ पुल के पास नहर मे धक्का देकर हत्या कर दी। जिसके बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना का खुलासा किया था। जिसके बाद पुलिस ने 24 सितम्बर को चीला नहर का पानी रूकवाकर अंकिता के शव की तलाश की तो एक शव मिला जिसकी शिनाख्त अंकिता के परिवार वालों ने अंकिता भण्डारी के रूप में कर ली थी।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए डीआईजी पी रेणुका देवी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर जांच सौप दी गयी थी। जिसके बाद एसआईटी ने अपनी जांच करते हुए 100 गवाहों के बयान न्यायालय में दर्ज कराये तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही अन्य साक्ष्यों के साथ 500 पेज की अपनी जांच रिपोर्ट आज अभियोजन कार्यालय में पेश कर दी गयी है। जांच टीम ने बताया कि जांच के दौरान एसआईटी को न तो अंकिता भण्डारी का मोबाइल मिला और न ही पुलकित आर्य का मोबाइल फोन एसआईटी को मिला है।

## जोकरों वाले सवाल पूछ पत्रकार बनते हैं हंसी के पात्र

संवाददाता

देहरादून। कई कथित पत्रकार प्रेसवार्ता में जोकरों वाले सवाल पूछ जहां स्वंय तो हंसी के पात्र बनते ही हैं वहीं अन्य पत्रकारों को भी शर्मिंदगी महसूस होती है। राजधानी बनने के बाद जहां एक ओर समाचार पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई तो दूसरी तरफ पत्रकारों की भीड काफी तेजी से बढने लगी। यहां यह भी है कि कौन किस समाचार पत्र से या चैनल से है इसका भी पता नहीं चलता है। इसी तरह के पत्रकारों की वजह से दूसरों को कई बार शर्मिंदा होना पडता है। कुछ कथित पत्रकार तो मात्र प्रेसवार्ताओं में बेसिर पैर के सवाल पूछने के लिए ही आते हैं। आज भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब एडीजी व डीआईजी कानून व्यवस्था के द्वारा अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड से सम्बन्धित प्रेसवार्ता कर रहे थे तभी कुछ तथाकथित पत्रकारों ने जोकरों वाले सवाल पूछने शुरू कर दिये जिससे वह तो हंसी के पात्र बने ही तो दूसरी तरफ समाचार पत्रों व टीवी चैनलों के पत्रकारों को भी शर्मिंदगी का सामना करना पडा था। प्रेसवार्ता के बाद सवाल पूछने वाले तथाकथित पत्रकारों के बारे में सभी एक दूसरे से पूछने लगे कि वह किस चैनल व समाचार पत्र का प्रतिन्धित्व कर रहे थे तो किसी को नहीं पता था कि सवाल पूछने वाले वह कथित पत्रकार किस चैनल, न्यूज एजेंसी व समाचार पत्र से है। लेकिन उक्त लोग गाहे बगाहे प्रेसवार्ताओं में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह दिखाना चाहते हैं कि वह भी कुछ है। इन्हीं पत्रकारों की वजह से ही पूरी कौम बदनाम हो रही है।

## धोलेश्वर महादेव मन्दिर में चलाया सफाई अभियान



संवाददाता

देहरादून। योग शिक्षिका संगीता वर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर धोलेश्वर महादेव मन्दिर में सफाई अभियान चलाया गया।

आज यहां धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में बृहद सफाई अभियान चलाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता और योग शिक्षिका संगीता वर्मा के जन्म दिवस पर विशेष पूजा अर्चना, धोलेश्वर महादेव के विशेष श्रृंगार के साथ आरती की गई फिर मंदिर परिसर और धोलास ग्राम में वेस्ट वॉरियर्स संस्था द्वारा बृहद सफाई अभियान चलाया गया। श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास के संस्थापक आध्यात्मिक गुरू आचार्य बिपिन जोशी और ग्राम प्रधान धोलास रजनी नेगी ने प्रशस्ति पत्र स्कूलों के बच्चों और कार्यकर्ताओं को प्रदान किए। आचार्य जोशी ने संगीता वर्मा को जन्म दिवस की बधाई देते हुए प्रकृति को ईश्वर का साक्षात स्वरूप बताया प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। ग्राम प्रधान धोलास रजनी नेगी ने अपने जन्म दिवस 16 जनवरी के दिन सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया और गांव को साफ सुथरा बनाने में सभी ग्राम वासियों के सहयोग का आग्रह किया, ग्रीन लोन स्कूल जैतनवाला, जी आई सी हरियावाला धोलास, स्कॉलर बीम स्कूल धोलास के बच्चों के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया, कार्यक्रम में डा मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, प0 दीपक कुकरेती,पूनम बिष्ट, जगत लाल वर्मा, तिरलोक सिंह रावत, पूनम बिष्ट, साक्षी सिंह, सोलोमा एलेक्जेंडर, नीरज, अवधेश, राकेश बिष्ट, संदीप सीमा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*